पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

राज्यपाल ने विजय दशमी पर्व की बधाई दी

लखनऊ : 24 अक्टूबर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विजय दशमी (दशहरा) पर्व के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके मंगलमय एवं स्वस्थ जीवन की कामना की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक पर्व 'विजय दशमी' का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। हमें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए कि सत्य के मार्ग का अनुसरण करते हुए बुराई से दूर रहें। राज्यपाल ने अपील की है कि सभी लोग आपसी प्रेम, शांति और भाईचारे के वातावरण में पर्व मनायें।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि सभी लोग कोरोना महामारी के परिप्रेक्ष्य में सामूहिक आयोजन एवं भीड़भाड़ से बचें तथा सामाजिक दूरी बनाते हुए मास्क का प्रयोग अवश्य करें।

ओ0पी0राय/राजभवन (52/15)